बजरंग बाला जपूँ थारी माला

बजरंग बाला जपूँ थारी माला, रामदूत हनुमान ,
भरोसो भारी है ...
भारी है प्रभु भारी है , महिमा तेरी न्यारी है ,
बजरंग बाला जपूँ थारी माला, रामदूत हनुमान ,
भरोसो भारी है ...

लाल लंगोटो वालो तू , अंजनी माँ को लालो तू ,
राम नाम मतवालो तू , भगतां को रखवालो तू ,
सालासर तेरा भवन बना है,मेहंदीपुर तेरा भवन बना है ,
सुन ले पवन कुमार , भरोसो भारी है ,
बजरंग बाला जपूँ थारी माला, रामदूत हनुमान ,
भरोसो भारी है ...

शक्ति लक्ष्मण के लागि , पल माहि मूर्छा आगि ,
द्रोणगिरि पर्वत ल्यायो , सांचो है तू अनुरागी ,
घोल संजीवन लखन पिलाये - २ , जागे वीर महान ,
भरोसो भारी है ,बजरंग बाला जपूँ थारी माला, रामदूत हनुमान ,
भरोसो भारी है ...

तूने लंका जारी रे , मारे अत्याचारी रे ,
हुकुम के तावेदारी रे , बालजति ब्रम्हचारी रे ,
अहिरावण की भुजा उखाड़ी - २ , ल्यायो तू भगवान् ,
भरोसो भारी है ,बजरंग बाला जपूँ थारी माला, रामदूत हनुमान ,
भरोसो भारी है ...

बड़े बड़े कारज सारे , दुष्टों को दलने वाले ,
सच्ची भगति के बल से घट में राम दिखा डाले ,
चीर कलेजा तू दिखलाया - २ , मगन भये भगवान् ,
भरोसो भारी है ,बजरंग बाला जपूँ थारी माला, रामदूत हनुमान ,
भरोसो भारी है ...

बल को तेरो पार नहीं , ना तुझसा दिलदार कोई ,
शंकर को अवतार तुहीं , सांचो हिम्मतदार तुहीं ,
शरण पड़े को आन उबारो - २ , सेवक करे पुकार ,
भरोसो भारी है ,बजरंग बाला जपूँ थारी माला, रामदूत हनुमान ,
भरोसो भारी है ...

बजरंग बाला जपूँ थारी माला, रामदूत हनुमान ,
भरोसो भारी है ...
भारी है प्रभु भारी है , महिमा तेरी न्यारी है ,
बजरंग बाला जपूँ थारी माला, रामदूत हनुमान ,
भरोसो भारी है ...

भजन गायक - सौरभ मधुकर

स्वर : सौरभ मधुकर

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1559/title/bajrang-bala-japu-thari-mala-ramdoot-hanuman-bhajan-Hindi-lyics-by-Saurabh-Madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |